2020

HINDI — GENERAL

Fourth Paper

Full Marks : 100

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

SET - 1

खंड - क

(प्रयोजनमूलक हिन्दी)

1. किसी ***एक*** प्रश्न का उत्तर दीजिए : 32×1

(क) राष्ट्रभाषा किसे कहते हैं? वर्तमान समय में राष्ट्रभाषा की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए इसके महत्त्व को रेखांकित कीजिए।

(ख) राजभाषा हिन्दी की संवैधानिक स्थिति पर विचार करते हुए सन् 1963 के राजभाषा अधिनियम का परिचय दीजिए।

(ग) साहित्यिक अनुवाद किसे कहते हैं? साहित्यिक अनुवाद से संबंधित समस्याओं पर प्रकाश डालिए।

(घ) प्रशासनिक पत्राचार से आप क्या समझते हैं? प्रशासनिक पत्राचार के विभिन्न स्वरूपों का सामान्य परिचय दीजिए।

2. किसी ***एक*** लघूत्तरी प्रश्न का उत्तर दीजिए : 18×1

(क) प्रयोजनमूलक हिन्दी की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'टिप्पण' के व्यवहार-क्षेत्र का उल्लेख कीजिए।

(ग) राजभाषा और संपर्क भाषा के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

(घ) सृजनात्मक भाषा से आप क्या समझते हैं?

(ङ) वर्तमान समय में अनुवाद के महत्व को रेखांकित कीजिए।

खंड - ख

(मीडिया लेखन)

3. किसी ***एक*** प्रश्न का उत्तर दीजिए : 32×1

(क) समाचार क्या है? समाचार मूल्य की विस्तृत समीक्षा कीजिए।

(ख) फीचर लेखन किसे कहते हैं? फीचर के विभिन्न प्रकारों का परिचय दीजिए।

(ग) 'संवाददाता या रिपोर्टर का दायित्व अत्यंत महत्त्वपूर्ण होता है'– कथन पर प्रकाश डालिए।

(घ) आधुनिक युग में विज्ञापन की उपयोगिता और प्रविधि पर प्रकाश डालिए।

4. किसी ***एक*** लघूत्तरी प्रश्न का उत्तर दीजिए : 18×1

(क) प्रूफ संशोधन से आप क्या समझते हैं?

(ख) आज के समय में ग्लोबल वार्मिंग एक गंभीर समस्या बन चुकी है। इसके प्रभावों को रेखांकित करते हुए एक फीचर तैयार कीजिए।

(ग) 'कोलकाता पुस्तक मेला-2020' पर किसी समाचार-पत्र के लिए एक प्रतिवेदन लिखिए।

(घ) डेंगू से बचाव के लिए लोगों को सचेत करते हुए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

(ङ) 'साक्षात्कार' शब्द का अर्थ समझाते हुए इसका सामान्य परिचय दीजिए।

(च) हाल ही में देखी गई किसी हिन्दी फिल्म की समीक्षा कीजिए।